राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विधानसभा में राज्यपाल का अभिनंदन और स्वागत

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा में अभिभाषण दिया

जयपुर, 31 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तृतीय सत्र में अभिभाषण दिया।

इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे के विधानसभा में प्रातः 11 बजे पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत और विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा ने स्वागत किया।

विधानसभा के मुख्य द्वार पर राज्यपाल श्री बागडे को आरएसी बटालियन द्वारा सलामी दी गई। बाद में राज्यपाल श्री बागडे को अभिभाषण के लिए सदन में प्रोसेशन में ले जाया गया। राज्यपाल ने विधानसभा में एक घंटे 27 मिनिट में अपना अभिभाषण पूरा किया।

—

सत्यमेव जयते
राजस्थान

राजस्थान

राजस्थान

राजस्थान

राजस्थान